लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4559

19 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

फोटोयुक्त पहचान पत्र का मुद्दा

4559. श्री जी०एम० सिद्देश्वरा:

क्या **वस्त्र मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हथकरघा बुनकरों सहित बुनकरों हेतु जनगणना और फोटोयुक्त पहचान पत्र जारी करने के लिए किसी एजेंसी का चयन किया है;

(ख) यदि हां, तो इसके लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है;

(ग) जनगणना के परिणामों को कब तक जारी किए जाने की संभावना है; और

(घ) बुनकरों और हथकरघाओं हेतु जनगणना में देरी के क्या कारण हैं?

उत्तर

वस्त्र मंत्री
(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)

(क) से (घ): चौथी राष्ट्रव्यापी हथकरघा गणना करने तथा बुनकरों एवं संबद्ध कामगारों को फोटो पहचान पत्र (आईडी) जारी करने के लिए विकास आयुक्त (हथकरघा) कार्यालय द्वारा मैसर्स कार्वी डाटा मैनेजमेंट सर्विसेस लिमिटेड, हैदराबाद का चयन किया गया है। यह कार्य एक वर्ष की समय-सीमा के साथ 4 जनवरी, 2017 को दिया गया था। गणना कार्य पूरा कर लिया गया है और संबंधित राज्यों द्वारा की गई गणना की 100% वैधता के साथ 31 राज्यों/केंद्र शासित से पूर्णता प्रमाण-पत्र हुए हैं। गणना कार्य में विलंब हुआ था क्योंकि यदि कोई हथकरघा पॉकेट छूट गई हो तो उनकी पहचान करने और पोर्टल पर संबंधित राज्यों द्वारा की गई गणना की 100% वैधता में राज्य सरकार के सहयोग की मांग अंतर्निहित थी।

*****